nt>

Title: Regarding situation arising out of severe floods in Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदय, बिहार में बाढ़ का सवाल इस सदन में उठाया जा चुका है। उस समय सभी पक्षों ने अपनी बात को यहां रखा था।

MR. SPEAKER: Please be very brief.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please do not waste the time given to you.

...(*Interruptions*)

श्री प्रभुनाथ सिंह :जिस दिन सरकार की तरफ से यह कहा गया कि वह इस पर कार्यवाही करने जा रही है और बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने जा रही है, उसके बाद से अब तक करीब 100 लोग वहां बाढ़ से मर चुके हैं।

MR. SPEAKER: I am sure that this matter is under the consideration of the Government.

श्री प्रभुनाथ सिंह : यहां मुख्य मंत्री के साथ वार्ता हुई है, हमने अखाबर में पढ़ा है कि असम राज्य को बाढ़ से निपटने के लिए हेलीकाप्टर दिया गया है और रुपया भी भेज दिया गया है। लेकिन बिहार को सिर्फ अभी तक आश्वासन ही मिला है, यह भी अखाबर में छपा है। मैं मानता हूं कि बिहार के बाढ़ पीड़ितों को जल्द से जल्द सुविधा मुहैया कराई जाए। वहां अभी तक 100 से ज्यादा संख्या में लोग मर चुके हैं। राहत सामग्री और दवाएं प्रभावित लोगों तक नहीं पहुंच पा रही है। हेलीकाप्टर जो सामग्री वहां गिरा रहा है, वह पानी में बह रही है। इसलिए बिहार के हित में केन्द्र सरकार जल्द से जल्द कदम उठाए।